हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

11 सब्जी मंडी से 200 अवैध फड़ हटवाने को खोला मोर्चा



12 चरक पार्क का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम दिए निर्देश



**खबर संक्षेप**

### जन विश्वास-जन विकास समारोह आज : डीसी



**झज्जर।** प्रदेश सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय जन विश्वास-जन विकास समारोह का आयोजन शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिसे जिलेभर के नागरिक, जनप्रतिनिधि और विद्यार्थी लाइव देखेंगे।

### दिव्यांग विद्यार्थी आज लगाएंगे दिवाली प्रदर्शनी

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा स्थित आशा किरण स्पेशल स्कूल के दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा निर्मित दीपावली प्रदर्शनी मेले का आयोजन जगन्नाथ विश्वविद्यालय, केआर मंगलम पब्लिक स्कूल व विजया स्कूल में शुक्रवार को किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा बनाए दीये, मोमबत्तियां, तोरण, पूजा सामग्री, उपहार वस्तुएं एवं सजावटी सामान प्रदर्शित किए जाएंगे। इससे दिव्यांग विद्यार्थियों की कला, रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता एवं कौशल को प्रोत्साहन मिलेगा।

### साइबर ठगी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा एक व्यक्ति से करीब नौ लाख रुपये का साइबर फ्रॉड करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सोमबीर ने बताया कि झज्जर निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना में तैनात एएसआई जितेंद्र कुमार की पुलिस टीम ने अंकित निवासी उत्तर प्रदेश को पूछताछ के लिए पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपी पहले ही किसी आपराधिक मामले में उत्तर प्रदेश की जेल में बंद था।

### अवैध हथियार सहित युवक पकड़ा

**बहादुरगढ़।** एएनसी बादली ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान राहुल निवासी बहादुरगढ़ के रूप में हुई। उसे शहीद राव तुलाराम पार्क के पास से काबू किया गया। उसके पास देशी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## 202 पहुंचा वायु गुणवत्ता सूचकांक, खराब स्थिति में शहर की आबोहवा

# प्रदूषण रोकने के लिए एसडीएम ने रात को फैक्ट्रियों में मारे छापे

एसडीएम और आरओ रात में भी कर रहे औद्योगिक क्षेत्रों में जांच, कड़े निर्देश दिए



बहादुरगढ़। औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण की जांच करते एसडीएम व आरओ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दीपावली से ठीक पहले शहर की हवा लगातार प्रदूषित बनी हुई है। धूल और धुएं की वजह से प्रदूषण को खराब स्तर जारी है। बहादुरगढ़ में बीते 6 दिनों से वायु गुणवत्ता सूचकांक बिगड़ा हुआ है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की हिदायत अनुसार मंगलवार को ग्रैप के पहले चरण की बंदिशें लागू हो गई थी। इसका संज्ञान लेते हुए एसडीएम नसीब कुमार और एचएसपीसीबी के आरओ शैलेंद्र अरोड़ा रात में औद्योगिक क्षेत्रों की जांच करने निकले। बेशक एक वर्ग पराली को इस प्रदूषण की वजह मानता हो, लेकिन असलियत इससे जुदा है। अभी तो धान की फसल खेतों में खड़ी है, लेकिन बदहाल सड़कों की उड़ती धूल, वाहनों से निकलता हुआ धुआं, सड़कों पर बिखरी हुई निर्माण सामग्री, शहर में कूड़ा जलने पर रोक नहीं लग पाना और जहरीले तत्वों के साथ धुआं उगलती उद्योगों की चिमनियां भी हवा को जहरीला बना रही है।

#### यूं रहा सप्ताह भर में एक्यूआई

शनिवार 11 अक्टूबर को बहादुरगढ़ का एक्यूआई पहली बार 200 के पार गया था। शनिवार को एक्यूआई 219, रविवार को 202, सोमवार को 210, मंगलवार को 229, बुधवार को 205 और वीरवार को 202 एक्यूआई रहा। वाहनों का धुआं और सड़कों से उड़ती धूल लोगों को बीमारी बांट रही है। एनजीटी के निर्देश हैं कि सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जाए। जिससे हवा में पीएम-10 और पीएम 2.5 की मात्रा न बढ़े, लेकिन ये दोनों तत्व हवा में बढ़ रहे हैं। जो सांस के जरिए हमारे शरीर के अंदर जाकर हमें बीमार बना रहे हैं।

#### आतिशबाजी का धुआं बढ़ाएगा समस्या

आमतौर पर देखा जाए तो दिवाली पर आतिशबाजी की वजह से वायु गुणवत्ता पर असर पड़ता है। लेकिन यहां बिना आतिशबाजी के ही बीते एक सप्ताह से वायु गुणवत्ता निरंतर खराब स्थिति में बनी हुई है। इस बार दिवाली से पहले ही बहादुरगढ़ में वायु गुणवत्ता खराब स्थिति में है। आने वाले दिनों में सर्दी बढ़ने और दिवाली पर आतिशबाजी होने से वायु गुणवत्ता और खराब हो सकती है। दरअसल, शहर में धूल उड़ने से रोकने के समुचित उपाय नहीं किए जा रहे हैं, जिससे वायु गुणवत्ता बदहाल है। जाम आदि की स्थिति से वाहनजनित वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। आए दिन शहर के किसी न किसी कोने में कूड़े में आग लगने से हवा में हानिकारक तत्व घुलते रहते हैं।

### ड्रेनों में केमिकल युक्त पानी छोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई



**झज्जर।** जिले से गुजरने वाली ड्रेनों में किसी प्रकार का केमिकल युक्त पानी न छोड़ा जाए, इसके लिए संबंधित अधिकारी मॉनिटरिंग करें और लापरवाही मिलने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इससे यमुना के पानी को प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने वीरवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिले की सीमा से गुजरने वाली ड्रेन नंबर आठ, मुंगेशपुर और केसीबी ड्रेन में केमिकल युक्त दूषित पानी छोड़ने पर कार्रवाई की जाएगी। दूषित पानी के लिए सीटीपी ना लगाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई की जाए। इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शिवलिंग को प्रणाम कर चुरा ले गया तांबे का सांप



बहादुरगढ़। सीसीटीवी में वारदात को अंजाम देता दिखाई दे रहा चोर।

- नूना माजरा के शिव मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना, वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मंदिरों को भी निशाना बनाया जा रह है। अब गांव नूना माजरा स्थित शिव मंदिर में वारदात हो गई। चोर शिवालय में से वासुकी रूपी तांबे के सांप व एक लौटा चुरा ले गया। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। वारदात रात करीब तीन बजे हुई। फुटेज में एक शख्स नजर आया है, जो मंदिर में प्रवेश करता है और कुछ ही सेकंड के अंदर शिवालय से तांबे का सांप तथा लौटा लेकर चंपत हो जाता है। अहम बात यह कि चोरी से पहले चोर ने जमीन स्पर्श कर प्रणाम किया और फिर वारदात की। सुबह जब पुजारी व श्रद्धालु मंदिर में आए तो वारदात पता चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वारदात से श्रद्धालुओं की भावना आहत है। बता दें कि बहादुरगढ़ में आपराधित वारदात बढ़ रही हैं।

### मकान से लाखों के आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** बादली थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर में एक मकान से लाखों के आभूषण चोरी हो गए। पड़ोसी युवक पर चोरी का आरोप है। शिकायत के आधार पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात सुमेर सिंह के मकान में हुई है। सुमेर का कहना है कि अभी कुछ दिन पहले वह अपनी पत्नी के साथ एक धार्मिक स्थल पर गया था, जबकि बेटा ड्यूटी पर गया हुआ था। इसी दौरान करीब 12 बजे पड़ोस में रहने वाला एक युवक हमारे घर में घुस गया और वारदात को अंजाम दे गया। पड़ोस में रहने वाली एक महिला की उस पर नजर पड़ी तो उसने मेरे भाई की पत्नी को जानकारी दी। इसके बाद हमने आकर जांच की तो अलमारी से सोने की चेन, झुमकी व टॉप्स आदि आभूषण गायब थे। फिर हमने आरोपी युवक से जाकर पूछताछ की तो उसने कहा कि गहने वापस लौटा दूंगा। इसके बाद वह नहीं आया। उधर, पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

## इस्सरहेड़ी से झाड़ोदा तक 87 लाख रुपये में बनेगी सड़क



बहादुरगढ़। इस्सरहेड़ी में सड़क निर्माण का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

- विधायक राजेश जून ने सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव इस्सरहेड़ी से झाड़ोदा बॉर्डर तक 87 लाख रुपये की लागत से एक किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा। विधायक राजेश जून ने वीरवार को सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही विधायक राजेश जून ने सराय गांव से सेक्टर-2 तक बची सड़क के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस रोड के बनने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। विधायक ने मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की समय-समय पर जांच करें ताकि सड़क पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजेश जून ने कहा कि विधायक बनने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर बहादुरगढ़ की टूटी सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग की थी। मात्र एक वर्ष के कार्यकाल में अधिकांश टूटी सड़कें नई बन चुकी हैं और शेष पर काम जारी है। जल्द ही बहादुरगढ़ की सभी सड़कें चकाचक होंगी और लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

### सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयान पोस्ट करने पर होगी कार्रवाई : पुलिस कमिश्नर

**झज्जर।** प्रदेश के संवेदनशील माहौल और त्योहारों के मद्देनजर जिला पुलिस हाई अलर्ट पर हैं।



- डॉ. राजश्री ने साइबर सेल की टीम को निर्देश दिए

पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने कहा कि जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। जिसको लेकर पुलिस के अधिकारियों और साइबर सेल की टीम को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अगर कोई व्यक्ति भड़काऊ बयानबाजी या फिर भड़काऊ पोस्ट करता है या इस तरह की पोस्टों को शेयर करता है तो उस पर नजर रखें ताकि ऐसे लोगों को चिन्हित करके नियमानुसार उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों वाले क्षेत्रों में सादे कपड़े में भी पुलिस टीम को तैनात किया गया है, जो शहर में संदिग्ध गतिविधि करने वाले लोगों पर लगातार निगरानी कर रही हैं।

## सीएम फ्लाइंग ने मिठाई की दुकानों पर मारी रेड, जांच के लिए भरे सैंपल

- बहादुरगढ़ में तीन मिठाई की दुकानों से छह सैंपल लिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

त्योहारी सीजन में सीएम फ्लाइंग व खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से मिठाइयों की दुकानों पर छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में वीरवार को संयुक्त टीम ने बहादुरगढ़ इलाके में तीन दुकानों पर दबिश देकर मिठाइयों का निरीक्षण किया।

टीम ने शहर में सब्जी मंडी के पास भगवान स्वीट्स से रसगुल्ले व बर्फी, बादली चुंगी स्थित भीम जी बीकानेर से गुलाब जामुन व बर्फी के सैंपल लिए। इसी तरह नूना माजरा स्थित जयभगवान मिष्ठान भंडार से पत्तीसा व बर्फी के सैंपल लिए। जांच के दौरान तीनों दुकानों के लाइसेंस वैध पाए गए। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश वर्मा ने कहा कि बहादुरगढ़ में तीन दुकानों से छह सैंपल लिए हैं। ये जांच के लिए लैब भेजे जाएंगे। रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई होगी। दुकानदारों को गुणवत्ता युक्त मिठाई बेचने की हिदायत दी है। आम नागरिकों से जागरूक रहने की अपील की है।



बहादुरगढ़। एक मिष्ठान भंडार पर जांच करने पहुंची टीम।

### सड़क किनारे मिला बुजुर्ग का शव, नहीं हुई पहचान

**बहादुरगढ़।** केएमपी फ्लाईओवर पर रोहतक-दिल्ली मार्ग पर एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। मृतक की पहचान भी नहीं हो पाई है। घटना देर रात की है। दरअसल, किसी राहगीर की सड़क किनारे बुजुर्ग के शव पर नजर गई तो पुलिस को सूचना दी गई। आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को नागरिक अस्पताल में लाया गया। मृतक की उम्र करीब 70 वर्ष आंकी जा रही है। पहचान संबंधित कोई दस्तावेज कपड़ों से बरामद नहीं हुआ। जांच अधिकारी पवन कुमार का कहना है कि फिलहाल 72 घंटे के लिए शव अस्पताल में रखवाया है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चल सकेगा।

### डायल 112 एप करेगा महिलाओं की सुरक्षा

**बहादुरगढ़।** महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस की ओर से जागरुकता मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में वीरवार को महिला थाना प्रबंधक नीलम व उनकी टीम ने महिलाओं को ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के बारे में विस्तार से बताया तथा सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

उपनिरीक्षक नीलम ने बताया कि महिलाओं को अपने मोबाइल में डायल 112 एप डाउनलोड करना चाहिए और अपनी बच्चियों को भी इसके उपयोग के बारे में जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान किसी परेशानी, पीछा किए जाने या आपात स्थिति में यह एप तुरंत मदद पहुंचाने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि इस सेवा के तहत महिलाएं 112 पर कॉल करके अपनी यात्रा की जानकारी पुलिस के साथ साझा कर सकती हैं। इसके बाद पुलिस जीपीएस के जरिए उनकी लोकेशन ट्रैक करती है और उनके सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचने तक संपर्क में रहती है। उपनिरीक्षक नीलम ने कहा कि विशेष रूप से कामकाजी महिलाएं और छात्राएं इस सेवा का लाभ जरूर उठाएं ताकि वे यात्रा के दौरान सुरक्षित महसूस कर सकें।

## वोकल फॉर लोकल : दीपावली पर्व के चलते बाजार में बढ़ी रौनक, सजीं दुकानें

# बाजार में स्वदेशी सामान की बढ़ी मांग, चाइनीज से मुंह मोड़ा

मिट्टी के दीयों व कंडील को लोग खूब कर रहे पसंद, पिछले वर्षों की तुलना में ज्यादा बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। बाजार में लगी महिला खरीदारों की भीड़।

दीपावली पर्व के चलते शहर के बाजार पूरी तरह सजकर तैयार हैं। जगह-जगह रंग-बिरंगी लाइटों, सजावटी लड़ियों, दीयों, मोमबत्तियों और सजावटी वस्तुओं की चमक ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया है। दुकानदारों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए अपनी दुकानों को आकर्षक तरीके से सजा लिया है। शहर के पुराना बस स्टैंड मार्ग, सर्कुलर रोड, मेन बाजार के नेताजी सुभाष चौक, डायमंड चौक, प्राचीन हनुमान मंदिर, सिलानी गेट आदि स्थानों पर इन दिनों ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। लोग अपने घरों और दुकानों को सजाने के लिए अलग-अलग तरह की इलेक्ट्रिक लाइटों और सजावटी सामग्री की खरीदारी में जुटे हैं। इस बार ग्राहकों में स्वदेशी उत्पादों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग चीन निर्मित लाइटों और सजावटी सामान की बजाय घरेलू निर्माताओं द्वारा तैयार की गई वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे हैं।

#### स्वदेशी ब्रांड मांग रहे लोग

दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों से लोगों में वोकल फॉर लोकल अभियान का असर दिखाई देने लगा है। बाजार में मिट्टी के दीये व कंडील, पीतल के दीपदान, हस्तनिर्मित तोरण एवं बंदनवार की अच्छी मांग बनी हुई है। इस दौरान माटी कला से जुड़े कारीगरों द्वारा बनाए गए दीये और सजावटी सामान ग्राहकों को खूब पसंद आ रहे हैं। लाइटों की स्टॉल लगाने वाले संजय व निक्कू ने बताया कि इस बार एलईडी लाइटों में भी देसी ब्रांड की मांग बढ़ी है। पहले जहां लोग सस्ती चीनी लाइटें खरीदते थे, वहीं अब टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

#### बाजार में सजावटी सामान की मांग

थाना परिसर के सामने मोमबत्ती व फ्लावर डेकोरेशन की दुकान लगा रहे नीटू चंचल ने बताया कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के मामले में लोग अब जागरूक हो चुके हैं। खरीदारी करने वाले लोगों कहना है कि स्वदेशी उत्पाद न केवल सुंदर हैं बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देते हैं। इसके अलावा दीपावली की खरीदारी के चलते ज्वेलर्स, मिठाई, गिफ्ट आइटम, कपड़ों, जूतों, फ्रेम एवं पोस्टर की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। बाजारों की सजावट और खरीदारी के उत्साह को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इस बार दीपावली का पर्व रोशनी और खुशियों से भरपूर रहेगा।

## व्यापारी संगठन में नई नियुक्ति

# केशव सिंगला बने हरियाणा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष

- सिंगला बोले - व्यापारियों की आवाज बनकर करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हरियाणा व्यापार मंडल ने केशव सिंगला को संगठन का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। केशव सिंगला ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के प्रदेशाध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता का आभार जताते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे व्यापार मंडल के इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की हर समस्या को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा और उनका समाधान किया जाएगा। संगठन का उद्देश्य न सिर्फ इन समस्याओं को दूर कराना है, बल्कि सरकार और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में काम करना भी है। वहीं केशव सिंगला की नियुक्ति से जिले के व्यापारियों में भी खुशी का माहौल है।



केशव सिंगला

नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि उमेश नंदवानी, केडी मेनपाल शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि नवीन छाबड़ा, पार्षद जयपाल सिंह बांगड़ आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सेलिब्रेशन

चारों ओर जगमगाते दीपक, रंग-बिरंगी लाइट्स की लड़ियां, आतिशबाजी, ऐसा उल्लास से भरा माहौल होता है दीपावली का। लेकिन इस पर्व का असली मजा/आनंद वास्तव में कब आता है, बता रहे हैं टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स। ये आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस बार दीपावली कैसे सेलिब्रेट करेंगे?

# दीपावली पर जगमगाएं खुशियां



## मेरे लिए दिवाली का असली मतलब है परिवार का प्यारा साथ : आयशा विंधारा

सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया का रोल प्ले करने वाली आयशा विंधारा दिवाली का नाम सुनते ही उत्साह से भर जाती है। आयशा दिवाली कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'मैं अपने परिवार के साथ मिलकर दिवाली मनाती हूं। नई ड्रेसेस खरीदती हूं। रंग-बिरंगी लाइट्स और दीयों से घर को सजाती हूं। शाम को मैं और मेरी बहन मिलकर रंगोली बनाते हैं। दिवाली की रात मैं अपने पापा और दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ती हूं। दिवाली मेरे लिए अधूरी है, अगर मुझे रसगुल्ला और काजू कतली खाने को नहीं मिले! दिवाली आते ही मेरे मन में एक अलग ही उत्साह भर जाता है।' आयशा आगे कहती है, 'मेरे लिए दिवाली सिर्फ रोशनी, दीये और पटाखों का त्योहार नहीं है। दिवाली का असली मतलब है- परिवार का प्यारा साथ। जब हम सब मिलकर हंसते हैं, खेलते हैं, बातें करते हैं, एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, मेरे लिए यही सच्ची दिवाली होती है।' इस बार दिवाली पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में आयशा बताती है, 'अबकी मैं दीये पेंट करके अनाथालय में बांटने जाऊंगी, ताकि वहां भी दिवाली की रोशनी और मुस्कान बिखरे। मैं अपने घर में बड़ी-सी रंगोली बनाऊंगी। और हां, इस बार मेरा बर्थ-डे भी दिवाली के आस-पास है, तो इस बार मेरे लिए दिवाली की खुशी दोगुनी है!' आयशा 'बालभूमि' के सभी दोस्तों को दिवाली का मैसेज देते हुए कहती है, 'दिवाली पर हम सभी घर सजाएं, दीये जलाएं। पटाखे कम फोड़ें ताकि पॉल्यूशन कम हो। मिठाई खाएं और बांटें। हम इस खूबसूरत त्योहार को प्यार और मुस्कान के साथ मनाएं।' *


## खुशियां बांटने का त्योहार है दिवाली
### एकांश काथरोटिया

**सोनी सब** पर हाल ही में शुरू हुए शो 'गणेश कार्तिकेय' में एकांश काथरोटिया, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भूमिका निभा रहा है। दिवाली उसका पसंदीदा त्योहार है।



एकांश कहता है, 'दिवाली खुशियों का त्योहार है। इस दिन हम नई ड्रेसेस पहनते हैं, मिठाइयां खाते हैं, बांटते भी हैं। दिवाली पर रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, ईको-फ्रेंडली पटाखे और फुलझड़ियां जलाते हैं। माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, दिवाली पर खुशियां मनाने के साथ-साथ हम अपनों के साथ खुशियां बांटते भी हैं।' एकांश के लिए दिवाली के क्या मायने हैं, वह बताता है, 'दिवाली के दिन भगवान श्रीराम रावण का वध करके और अपना वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौटे थे। तब उनके स्वागत में पूरा अयोध्या दीपों से सजाया गया था, लोगों को अपार खुशी मिली थी। मेरे लिए दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।' इस बार दिवाली सेलिब्रेशन को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में एकांश चहकते हुए बताता है, 'अभी कुछ समय पहले ही हमारा सीरियल 'गणेश कार्तिकेय' ऑन एयर हुआ है। मेरे लिए तो दिवाली शुरू हो गई है। मैं इस दिवाली बहुत उत्साहित हूं। इस बार मैं सीरियल के सेट पर अपने को-स्टार्स के साथ दिवाली सेलिब्रेट करूंगा।' एकांश का 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज है, 'अपने नन्हे प्यारे दोस्तों से मैं दिल से कहना चाहता हूं कि दीपावली का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि लाए। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आप सबके साथ हमेशा बना रहे। हैप्पी दिवाली!' *

## दिवाली पर हर किसी के चेहरे पर हो स्माइल-हो ब्राइटनेस : आर्यन प्रजापति



एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति का नटखट अंदाज सबको खूब भा रहा है। ऋतिक को दिवाली का त्योहार बहुत पसंद है। वह दिवाली की तैयारी और इसके सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'दिवाली आते ही सबसे पहले हम लोग घर की साफ-सफाई में जुट जाते हैं। मैं अपने कमरे को लाइट्स और पोस्टर्स से डेकोरेट करता हूं। पापा के साथ मिलकर दीये सजाता हूं। दिवाली के मौके पर मम्मी के हाथों से बनी मिठाई खाना बहुत अच्छा लगता है। रात को पूजा होती है फिर सेल्फी टाइम!' आर्यन के लिए दिवाली सिर्फ एक त्योहार भर नहीं है, वह कहता है, 'दिवाली का मतलब है, टेंशन भूलकर दोस्तों और फैमिली के साथ एंज्वॉय करो।' आर्यन की नजर में दिवाली साथ-साथ खुशियां बांटने का त्योहार है। वह बताता है, 'मैं और मेरी सिस्टर मिलकर गरीब बच्चों को कपड़े और मिठाई बांटते हैं। हम इनके घर जाकर इनके साथ दीये भी जलाते हैं। उनकी मुस्कान देखकर लगता है, हमारी दिवाली डबल स्पेशल हो गई।' 'बालभूमि' के दोस्तों को आर्यन मैसेज देता है, 'गाइज, दिवाली खूब एंज्वॉय करो, लेकिन सेफ्टी और नेचर का भी ध्यान रखो। दिवाली का असली मजा तब है, जब हर किसी के चेहरे पर ब्राइटनेस हो, स्माइल हो।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स



लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान



न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन

# दुनिया की मशहूर आतिशबाजियां

रोचक / शिखर चंद जैन

*बच्चो, भारत में शानदार जोरदार आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर देखी जाती है। विदेशों में भी अलग-अलग अवसरों पर आतिशबाजी से जुड़े बहुत ही मनमोहक आयोजन होते हैं। जानो, दुनिया के कुछ मशहूर आतिशबाजी इवेंट्स के बारे में।*

**मॉन्ट्रियल इंटरनेशनल फायरवर्क कॉम्पिटिशन, कनाडाः** यह दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी प्रतियोगिता है। यहां बेहतरीन म्यूजिक के साथ-साथ शानदार आतिशबाजी का कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाता है। विजेताओं को ट्रॉफी दी जाती है। महीने भर तक चलने वाले इस उत्सव में



दूर-दूर से लाखों लोग आते हैं। वैसे तो इसे देखने के लिए टिकट लेना पड़ता है, लेकिन सेंट लॉरेंस नदी या माउंट रॉयल पार्क के पास से इसे मुफ्त में भी देखा जा सकता है।

**लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापानः** जापान की सबसे बड़ी झील लेक बीवा में अगस्त माह में आतिशबाजी का शानदार शो आयोजित किया जाता है। उत्सव के दौरान 10,000 रंग-बिरंगी आतिशबाजी होती है। इस रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रतिबिंब जब झील के पानी में पड़ता है तो देखने में बहुत ही मनोहरी लगता है। इस शानदार शो को देखने के लिए 3 लाख से ज्यादा लोग आते हैं। लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल की हर साल एक नई थीम प्लान की जाती है।

**दुबई न्यू ईयर ईव फायरवर्क्स, यूएई :** दुबई में न्यू ईयर के मौके पर रोशनी और पटाखे दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से चलाए जाते



हैं। इसलिए दुबई में कहीं से भी इस आतिशबाजी की चमक देखी जा सकती है। बुर्ज खलीफा के नीचे खड़े होकर इस आतिशबाजी को देखना बहुत रोमांचक अनुभव होता है। आतिशबाजी के अलावा यहां लेजर बीम शो और एलईडी लाइट्स का अनूठा नजारा भी देखने को मिलता है।

**न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीनः** चीन के लोग नववर्ष के अवसर पर खूब पटाखे चलाते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जनवरी और फरवरी के बीच पड़ता है। इस अवसर पर ड्रैगन और अन्य कई शेप्स की आतिशबाजी की जाती है। यहां की मान्यताओं, परंपराओं और प्रतीकों के आधार पर भी आतिशबाजी तैयार की जाती है। इस अवसर पर चीन के लोग देवताओं की पूजा करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं।

**न्यूयॉर्क में स्वतंत्रता दिवस पर आतिशबाजी, अमेरिकाः** अमेरिका में 4 जुलाई यानी अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस का दिन यहां के सभी बड़े शहरों



में आतिशबाजी का अवसर होता है। खासतौर से न्यूयॉर्क सिटी में हडसन नदी में कई नौकाओं से तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है। लगभग 25 मिनट तक चलने वाले इस इवेंट में हजारों तरह की आतिशबाजी की जाती हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## दीप जले दिवाली के!



नन्हे-नन्हे प्यारे-प्यारे
दीप जले दिवाली के!
दूर भगाने को अंधियारा,
जग में लाने को उजियारा,
आंगन-आंगन, द्वारे-द्वारे
दीप जले दिवाली के!
भेदभाव का नाम न इनमें,
बैर-द्वेष का काम न इनमें,
झिलमिल-झिलमिल, हिलमिल सारे
दीप जले दिवाली के!
मोह रहे हर प्राणी का मन,
कितने उज्ज्वल, कितने पावन,
सुंदर-सुंदर, सजे-संवारे
दीप जले दिवाली के!
दीपों जैसा जीवन कर लें,
उजियारे को मन में भर लें,
भोले-भोले, न्यारे-न्यारे
दीप जले दिवाली के!

## हंसगुल्ले




**मोनूः** यार, मेरे जैसे लंबी हाइट वाले लड़कों के लिए दिवाली काफी थका देने वाली होती है।
**सोनूः** आखिर क्यों?
**मोनूः** क्योंकि जब भी ऊंचाई वाली दीवार को साफ करना होता है या फिर कमरे की छत पर लगा जाला साफ करना होता है। मम्मी झट से मुझे बुला लेती हैं। सारा दिन सफाई करते-करते निकल जाता है।

-सौम्या, रोहतक

**सोहनः** देखो, आज मेरे पास सुतली बम है, पटाखे, फुलझड़ी, अनार, रॉकेट सब कुछ है। तुम्हारे पास क्या है?
**मोहनः** मेरे पास वह है, जो मैं लगा दूं तो सब खत्म समझो।
**सोहनः** ऐसा क्या है तुम्हारे पास?
**मोहनः** माचिस!

-विकास, बिलासपुर

## जीके क्विज-175



1 साल 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. इस वर्ष शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली मारिया कोरिना मचाडो किस देश की नागरिक हैं?
3. दीपावली का पर्व किस हिंदी महीने में मनाया जाता है?
4. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
5. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
6. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
7. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
8. अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
9. एफिल टावर कहां स्थित है?
10. 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

बच्चों, जीके क्विज-175 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-174 का उत्तर :** 1.अभिषेक शर्मा, 2. बालोद, 3.उत्तराखंड, 4.जीजाबाई, 5. 24 अक्टूबर, 6.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 7.विटामिन के, 8.लैक्टिक एसिड, 9.भुवनेश्वर, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-174 का सही उत्तर देने वाले :** निखिल-महासमुंद, अंजलि-दुर्ग, आन्या-दुर्ग, कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, सोहम-कांकेर



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

तीन महीने पहले ही अंशुल के दोस्त सौरभ के पापा का देहांत हुआ था। इसलिए सौरभ बहुत ज्यादा उदासी से घिरा हुआ था। अंशुल ने दिवाली के दिन उसके घर जाकर कुछ ऐसा किया कि सौरभ के चेहरे पर छायी उदासी छंट गई। अंशुल को भी लगा, उसकी यह दिवाली बहुत अलग रही, यादगार बनी।

# अलग तरह की दिवाली



दिवाली का दिन था। वातावरण में त्योहार का उल्लास छाया था। अंशुल भी बहुत खुश था, क्योंकि दिवाली का त्योहार उसे बहुत भाता था। शाम के समय वह मम्मी-पापा के साथ बाजार की रौनक देखकर घर लौटा तो उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले उसके दोस्त सौरभ के घर में न कोई रोशनी और न कोई सजावट की हुई है। घर के अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। ऐसा लग रहा था, जैसे उस घर में कोई रहता ही न हो। अंशुल को मालूम था, तीन महीने पहले सौरभ के पापा नहीं रहे थे। एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। सौरभ अपनी मम्मी के साथ उस घर में रहता है। अंशुल ने हैरानी से पापा से पूछा, 'पापा, सौरभ के घर में कोई रोशनी क्यों नहीं की गई है? क्या इन्होंने दिवाली नहीं मनानी?'

'बेटा, सौरभ के पापा नहीं रहे न, इसलिए इस बार ये लोग दिवाली नहीं मनाएंगे।' पापा का जवाब सुनकर अंशुल को धक्का-सा लगा। घर के अंदर आकर भी वह सौरभ के बारे में ही सोचता रहा। उसके बारे में सोच-सोच कर उसका मन दुखी होने लगा। उसने अपने मम्मी-पापा से कहा, 'क्यों न हम थोड़ी देर के लिए सौरभ के घर जाएं और साथ में थोड़ी मिठाई, फुलझड़ियां और मोमबत्तियां भी ले जाएं।'

अंशुल की बात सुनकर मम्मी बोलीं, 'इस साल उनको दिवाली नहीं मनानी है, इसलिए न तो वे मोमबत्तियां, फुलझड़ियां जलाएंगे और न ही मिठाई खाएंगे।' यह सुनकर अंशुल सोच में पड़ गया फिर बोला, 'तो ठीक है, मैं ऐसे ही उनके घर चला जाता हूं, थोड़ी देर के लिए।'

अंशुल तुरंत ही सौरभ के घर चला गया और दरवाजे की घंटी बजाई। दरवाजा सौरभ की मम्मी ने खोला। अंशुल ने उनसे सौरभ के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, 'वह अपने कमरे में है।' अंशुल घर के अंदर जाकर सौरभ के कमरे में गया तो उसने देखा कि वह चुपचाप बिस्तर पर लेटा हुआ है। बहुत उदास दिख रहा था। उसकी आंखें देखकर ऐसा लग रहा था मानो थोड़ी देर पहले रोया है। तभी सौरभ की मम्मी भी वहां आ गईं, अंशुल से बोलीं, 'यह सौरभ तो अपने पापा के बिना बहुत उदास रहता है। आज दिवाली के दिन तो उनको याद करके और भी ज्यादा दुःखी-उदास है। पिछले साल इसके पापा के साथ हम लोगों ने बड़ी धूमधाम से दिवाली मनाई थी, लेकिन क्या पता था कि वह उनकी आखिरी दिवाली है।' मम्मी ने अंशुल को बिस्तर के पास रखी कुर्सी पर बैठने को कहा। वह कुर्सी पर बैठ गया तो मम्मी कमरे से बाहर चली गईं। सौरभ बिस्तर से उठकर बैठ गया, लेकिन वह अब भी बहुत गुमसुम सा था।

अंशुल ने उससे बात करने की कोशिश की। शुरू में तो सौरभ ने बातचीत में कोई रुचि नहीं दिखाई, लेकिन अंशुल ने अपनी कोशिश जारी रखी। धीरे-धीरे सौरभ खुलने लगा और फिर अंशुल से बातचीत करने लगा। अंशुल ने उससे स्कूल, पढ़ाई, दोस्तों आदि के बारे में तरह-तरह की बातें कीं। सौरभ को क्रिकेट का बहुत शौक था। अंशुल ने उससे क्रिकेट के बारे में भी बातें कीं। इस बातचीत से सौरभ का मन हल्का होने लगा। उसके चेहरे पर छाई उदासी मिटने लगी। यह देखकर अंशुल को बहुत अच्छा लग रहा था। तभी मम्मी फलों की चाट बनाकर ले आईं। दोनों के आगे चाट की एक-एक प्लेट रख दी। पहले तो सौरभ ने कहा कि उसका मन नहीं है, वह नहीं खाएगा, लेकिन जब मम्मी और अंशुल ने उसे खाने के लिए बार-बार कहा, तो वह चाट खाने लगा। अंशुल ने भी चाट खाई। धीरे-धीरे सौरभ का मन ठीक होता जा रहा था। अंशुल सौरभ के पास काफी देर तक बैठा रहा। रात के नौ बज गए तो अंशुल अपने घर जाने के लिए उठ खड़ा हुआ। सौरभ का मन अब तक हल्का हो चुका था। वह सामान्य दिख रहा था। वह अंशुल को अपने घर के दरवाज़े तक छोड़ने आया। अंशुल अपने घर पहुंचा तो बहुत खुश था। मम्मी-पापा उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। अपने घर में दिवाली मनाते हुए अंशुल को लग रहा था, सौरभ के घर जाकर, उसके साथ कुछ समय बिताकर उसकी उदासी दूर करने की खुशी दिवाली मनाने की खुशी से ज्यादा बड़ी है। इस बार की उसकी दिवाली बहुत अलग तरह की रही। *

कविता
राकेश सोहम



## दिवाली का त्योहार

धूम-धड़ाम से गूंजी बस्ती
दीयों का है उजियारा,
देखो राजू, पिंटू, चीकू
दिवाली का त्योहार आया।
सफाई का साम्राज्य हुआ
घर-घर की हुई सफाई,
लक्ष्मी पूजन हुआ घरों में
सबको बांटी गई मिठाई।
दीप जलाए घर-आंगन में
अंधियारा है शरमाया,
फुलझड़ी पटाखे बम चलाते
सबका मन है हर्षाया।
आज के दिन से सीख सीखना
मन के दीप जलाना,
अंधियारे-सी हर बुराई को
मन से दूर भगाना।

## रंग भरो-187



**रंग भरो-187** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।



माही, महासमुंद



राजनंदिनी, रायपुर



वासनी, रायपुर



प्रियांशी, धमतरी



आशना, जांजगीर




आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, इमली-कोरबा

## रंग भरो 188



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा अपने पापा-मम्मी के साथ दिवाली मना रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



बेरी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनतीं हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो :हरिभूमि

### एसडीएम ने शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

बेरी। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। शिविर में प्रमुख तौर से प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड, वाहन पंजीकरण आदि शिकायतें रखी गई। इस अवसर पर एसएमओ डॉक्टर सुभाष चंद्र, एसडीओ डॉक्टर ऋषिपाल, एसडीओ वीरेंद्र सिंह, बीएओ डॉक्टर अशोक रोहिल्ला, एआईपीआरओ डॉक्टर अश्वनी कुमार, मार्केट कमेटी सचिव संजय फौगाट, जेई प्रवीण कुमार, जेई रोहित लोहचब सहित अन्य भी मौजूद रहे।



### कटड़े की आंतों का सफल उपचार किया

झज्जर। एमआर कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर के वेटरनरी क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स में एक कटड़ा गंभीर अवस्था में लाया गया। चिकित्सकों ने कटड़े में पेट का असामान्य फुलाव देखा तो प्रारंभिक नैदानिक परीक्षणों के पश्चात अल्ट्रासोनोग्राफी के माध्यम से आंतों में रुकावट का निदान किया गया। इस जटिल शल्य-चिकित्सा का संचालन सर्जरी विभाग के कुशल चिकित्सक डॉ. संगीत तथा विभागाध्यक्ष डॉ. रणबीर सिंह ने किया। शल्य-प्रक्रिया के पश्चात अब संबंधित पशु स्वास्थ्य लाभा की ओर अग्रसर है। कॉलेज के डीन डॉ. जगतबीर तथा प्रबंध निदेशक सोमबीर कोडान ने इस सफलता पर सर्जरी विभाग की टीम को बधाई दी।

*बहादुरगढ़ के फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने डीसी से मिलकर लगाई गुहार*

# सब्जी मंडी परिसर से 200 अवैध फड़ हटवाने को खोला मोर्चा

**कहा - सब्जी मंडी परिसर में अवैध फुटकर बिक्री बढ़ने से काम हो गया बिल्कुल ठप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सब्जी मंडी की विभिन्न समस्याओं को लेकर फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने वीरवार को जिला उपायुक्त व उपमंडल अधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने अवैध फुटकर विक्रेताओं को सब्जी मंडी परिसर से हटाने, बरसाती पानी निकासी मोटर ऑपरेटर को बदलने और फुटकर विक्रेता शेड के पास कूड़े के ढेर का स्थान बदलने की मांग की। सब्जी मंडी फुटकर विक्रेता एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप दलाल, जिले सिंह सैनी, विनोद यादव, प्रकाश कश्यप, जयप्रकाश और विजय सिंह आदि ने वीरवार को झज्जर में जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल से मुलाकात की। उन्होंने डीसी को बताया कि वे 210 रजिस्टर्ड सब्जी विक्रेता बहादुरगढ़ सब्जी मंडी में सरकार द्वारा तय मासिक किराया भरके सब्जी बेचते हैं। लेकिन कोरोना काल के बाद से सब्जी मंडी परिसर में अवैध फुटकर बिक्री बढ़ने से उनका काम बिल्कुल ठप हो गया है। ऐसे में उनके भूखे मरने की नौबत आ चुकी है। वे कई बार प्रशासन को लिखित व मौखिक रूप से भी अवगत करा चुके हैं। लेकिन इस समस्या को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।



बहादुरगढ़। डीसी को शिकायत देकर आते फुटकर सब्जी विक्रेता। फोटो :हरिभूमि

**जल निकासी न होने पर सवाल उठाए**

शिकायत लेकर आए विक्रेताओं ने कहा कि सब्जी मंडी में बरसाती पानी निकासी के लिए दो मोटर लगाई गई हैं, लेकिन ऑपरेटर समय पर नहीं आता और जलभराव की समस्या बरकरार रहती है। इसके अलावा सब्जी मंडी में फुटकर विक्रेता शेड के बिल्कुल साथ लगता कूड़े का ढेर लोगों के लिए परेशानी बन गया है। इसका स्थान बदलने के लिए कई बार गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

**अवैध सब्जी विक्रेताओं को हटाने की मांग**

सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि किसान शेड और सब्जी विक्रेता शेड के बीच में अवैध विक्रेता बैठे हैं। इन्हें नियमानुसार यहां से हटाया जाए। कुछ दिनों पहले उनके द्वारा हड़ताल भी की गई थी, जिसके बाद आढ़तियों, फुटकर विक्रेताओं और मार्केट कमेटी के अधिकारियों में सहमति बनी थी, लेकिन उसका भी पालन नहीं हुआ। कायदे से किसान शेड में सब्जी की फुटकर बिक्री कोई नहीं कर सकता। यहां सिर्फ किसान ही सब्जी बेच सकता है, लेकिन सब्जी मंडी परिसर में लगभग 200 अवैध दुकानें लगती हैं।

# स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर में 140 मरीजों को जांचा



झज्जर। शिविर में उपस्थित चिकित्सक एवं ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव भटेड़ा में स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। सर्वोदय जनहित समाज कल्याण एनजीओ के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में आयुष विभाग द्वारा लोगों के स्वास्थ्य तथा आईक्यू अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा लोगों की नेत्र जांच की गई। आयुर्वेदिक विभाग के अधिकारी राज कपूर, डॉक्टर पवन देशवाल व डॉक्टर बिजेंद्र ने शिविर में पहुंचे 140 लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए जरूरतमंद लोगों में दवा भी वितरत की। एनजीओ के प्रधान प्रदीप शर्मा ने बताया कि गांव के आयुर्वेदिक औषधालय में लगे इस शिविर में डॉक्टर खुशबू चौहान व डॉक्टर दिव्या द्वारा 130 लोगों की नेत्र जांच की गई तथा उन्हें सफेद व काला मोतिया की जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम सरपंच बलवीर, पंच अजय, कौशल्या वर्मा, राज सिंह सोनी, सूरजभान सिंह, साहब सिंह, गौरव, ममता, ओम प्रकाश, आशा, संतोष, हेमलता, जय भगवान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**» डॉक्टर खुशबू चौहान व डॉक्टर दिव्या द्वारा 130 लोगों की नेत्र जांच की गई**

*जिलेभर के स्कूलों के लगभग 350 बच्चों ने भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया*

# बाल महोत्सव में डीडीपीओ ने किया होनहार प्रतिभागियों को सराहा



झज्जर। होनहार प्रतिभागी आयोजक समिति और मुख्यातिथि के साथ। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को बाल महोत्सव की श्रृंखला के अंतर्गत चौथे ग्रुप की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन बाल भवन, संवाद भवन और सवेरा स्कूल परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर के स्कूलों के लगभग 350 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी निशा तंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

**बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की**

बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में इसी तरह का उत्साह और लग्न बनी रहनी चाहिए। निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास से ही वे अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्केचिंग, पोस्टर मेकिंग, भाषण, थाली, कलश सजावट, रंगोली, प्रश्नोत्तरी, एकल नृत्य, समूह नृत्य, देशभक्ति समूह गीत और एकल गीत जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई।

*प्रतियोगिता में प्री. नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया*

# ग्रीटिंग मेकिंग व थंब पेंटिंग में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



झज्जर। थंब पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

- प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

न्यूटन स्कूल में दिवाली के उपलक्ष्य में ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग व थंब पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्री. नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्याध्यापिका उर्मिल बेनीवाल ने बताया कि थंब पेंटिंग प्रतियोगिता में प्री. नर्सरी कक्षा से दिव्यांश व अनाबिया ने प्रथम, देवांश ने द्वितीय, पक्षलिका व जय ने तृतीय, नर्सरी कक्षा से महिका ने प्रथम, भव्या व प्रिया ने द्वितीय, आयुष ने तृतीय, केजी कक्षा से रावी व भारती ने प्रथम, साहिबा व वीरेन ने द्वितीय, अनंत ने तृतीय, पहली कक्षा से भूमि व नीरू ने प्रथम, माधव व हना ने द्वितीय, रिद्धि ने तृतीय, दूसरी कक्षा से यमन व स्वस्तिका ने प्रथम, दिशा व जस्मीत ने द्वितीय, शिवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय निदेशक बालेश कादियान, मनोज भारद्वाज, अश्वनी खासा, स्कूल प्रबंधक रोहताश सिंह, मुख्याध्यापिका उर्मिल बेनीवाल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

### जिला स्तरीय ग्रुप डांस प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित



झज्जर। स्कूल स्टॉफ सदस्यों के साथ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

झज्जर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ को जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट कार्यक्रम में द्वितीय स्थान मिला है। इंफॉर्मेशन ऑफिसर रविंद्र कौशिक ने बताया की हाल ही में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी खुम्मार में हुए जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट के नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के ग्रुप की डांस स्पर्धा में उनके विद्यालय के विद्यार्थियों ने यह स्थान हासिल किया है। स्कूल पहुंचने पर विजेता टीम के विद्यार्थियों का स्कूल स्टॉफ सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। प्राचार्या डॉक्टर लाली, हिंदी प्राध्यापक पवन कुमार, राजबाला जाखड़ और प्राध्यापिका पूनम ने विद्यार्थियों की तैयारी कराने वाली प्राध्यापिका अन्नू, पूनम व अंजना के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### होनहार विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



झज्जर। बाल महोत्सव में शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

झज्जर। एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बाल महोत्सव कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई है। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि उनके संस्थान की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा धृती ने स्केचिंग में द्वितीय व नौवीं कक्षा के छात्र नुपुर ने सोलो सांग में तृतीय स्थान हासिल किया है। स्कूल मैनेजमेंट द्वारा दोनों विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल संचालकों ने इस उपलब्धि पर रविंद्र लोहचब, जितेंद्र, रितिका, प्रियंका यादव, मुकेश शर्मा, पिंकी , पुष्पा यादव की भी सराहना की।

### किसान मेला एवं पशु प्रदर्शनी में पशुपालक सुमित को मिला पुरस्कार

झज्जर। अखिल भारतीय किसान मेला एवं पशु प्रदर्शनी में जिले के गांव शेरिया निवासी पशु पालक के कटड़े ने प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। यूपी के मेरठ में सात से नौ अक्टूबर तक चली इस प्रतियोगिता में पशु पालक सुमित पुत्र नारायण के कटड़े ने खीरे कटड़े प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल करते हुए गांव व प्रदेश का मान बढ़ाया। सुमित ने बताया कि मुर्रा नस्ल का यह कटड़ा पहले भी कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीत चुका है। सुमित को प्रदर्शनी के दौरान मुख्यातिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



झज्जर। पशु मेला एवं प्रदर्शनी में सुमित को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। फोटो :हरिभूमि

### महिलाओं व युवतियों को दी पौष्टिक भोजन और संतुलित आहर की जानकारी



झज्जर। कार्यक्रम में महिलाओं व युवतियों को संबोधित करतीं हुए डॉक्टर मोनिका शर्मा।

*झज्जर। कृषि विज्ञान केंद्र में वीरवार को विश्व खाद्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र की वरिष्ठ संयोजिका डॉक्टर मोनिका शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न गांवों की महिलाओं व युवतियों को सस्ते व पौष्टिक भोजन, संतुलित आहार की आवश्यकता तथा पौष्टिक तत्वों की कमी व पौष्टिक आहार द्वारा समाधान बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अनीमिया व प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए दाल, फलीदार सब्जियां, हरे पत्तेदार सब्जियां, सोयाबीन, चना, मोटा अनाज व मौसमी फलों के नियमित सेवन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में महिलाओं व युवतियों को परंपरागत भोजन जैसे बाजरा, ज्वार, तिल, मूंगफली, चना आदि के व्यंजन बनाना भी सिखाया गया। इस दौरान डॉक्टर उमेश शर्मा व डॉक्टर राजेश कुमार ने भी महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ व पौष्टिक भोजन की जानकारी दी।*

**आरईडी स्कूल छुछकवास में खेलकूद प्रतियोगिता व छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन**

# छात्रवृत्ति वितरण समारोह में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आरईडी स्कूल छुछकवास में खेलकूद प्रतियोगिता व छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सपनों की उड़ान शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत व डिप्टी डायरेक्टर शैलेंद्र अहलावत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्या सरिता मल्हान व शाखा प्रमुख सुनील कादियान ने बताया कि मुख्यातिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते हुए खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत की। छात्र परिषद एवं चारों सदनों के विद्यार्थियों ने मार्च मास्ट निकालकर मुख्यातिथि को सलामी दी। इसके दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। मुख्यातिथियों द्वारा बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व छुट्टियों के दिनों में श्रेष्ठ गृहकार्य करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

**छात्र परिषद एवं चारों सदनों के विद्यार्थियों ने मार्च मास्ट निकालकर मुख्यातिथि को सलामी दी**




झज्जर। होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित करते हुए निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत। फोटो :हरिभूमि

**मेहनत, अनुशासन और लगन का महत्व समझाया**

*खेल प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों की 100 व 200 मीटर दौट, 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस, प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए पजल रेस, मैट रेस, कप टॉवर रेस, पिकअप द बॉल शोविंग कलर, वाटर बैलेंस रेस, आईस एंड क्रीम रेस, शोर्टिंग फ्रूट्स एंड वेजिटेबल, पोप द बैलून तथा अरेंज द फ्लावर इन पॉट जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं कराई गई। इसके अलावा छठी से आठवीं तथा नौंवी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच रस्सा कसी प्रतियोगिता का आयोजन भी जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यातिथि जितेंद्र सिंह अहलावत ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लगन का महत्व समझाते हुए उन्हें इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।*

### दो बाइक जलाकर रंगदारी मांगने के आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। मोहल्ला छिपटवाड़ा में मकान के बाहर खड़ी दो बाइक को आग लगाने के बाद फोन पर रंगदारी मांगने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आगजनी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। मामले के एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। मोहल्ला निवासी चेतराम की दो बाइक उसके मकान के बाहर खड़ी थीं। दो युवक उसकी बाइक के पास आए। उनमें से एक ने बाइकों पर पेट्रोल छिड़का और दूसरे ने आग लगा दी। इसके बाद दोनों युवक अपनी बाइक से फरार हो गए।

**सूचना**

मैं, धर्मबीर पुत्र श्री छोटे लाल निवासी मकान नंबर-301, गांव डाबौदा खुर्द, जिला झज्जर हाल निवासी 7/32, शास्त्री नगर, मलिक वाली गली, नाहरा-नाहरी रोड, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विक्रम व पुत्रवधु सरीता पवार मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। वे अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**NOTICE**

I, Madhu Thapa D/o Sh. Sukhbir Singh R/o H.no. 489, Gali no. 3, Shankar Garden, Linepar, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar Haryana-124507 declare that in my Pan Card, Aadhar Card and other documents my father's name is mentioned as Sukhbir Singh Thapa but in my Educational Documents his name is mentioned as Sukhbir Singh. Sukhbir Singh and Sukhbir Singh Thapa are the names of one and the same person i.e. my father.

## खबर संक्षेप

### जसौरखेड़ी में हुई युवा संसद प्रतियोगिता

**बहादुरगढ़।** गांव जसौरखेड़ी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीईओ शेर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कर्मबीर तहलान ने की। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा के दिशानिर्देशानुसार एवं डाईट माछरौली के तत्वाधान में हुई प्रतियोगिता में छात्रों ने युवा संसद का प्रदर्शन किया। उन्होंने बाढ़, खेल, शिक्षा और बेरोजगारी जैसे वर्तमान विषयों पर चर्चा की। विपक्ष की ओर से विभिन्न विषयों के प्रश्न पूछे गए। जिनके उत्तर सता पक्ष की ओर से अच्छे ढंग से दिए गए।

### वाहन चालकों को दी फर्स्ट एड की जानकारी

**बहादुरगढ़।** वीरवार को आईडीटीआर बहादुरगढ़ में सड़क सुरक्षा सेल झज्जर, इंटरनेशनल फाउंडेशन दिल्ली और रेड क्रॉस सोसाइटी झज्जर के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारी हेवी वाहन चालकों को फर्स्ट एड, सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान इंस्ट्रेक्टर विनय कुमार द्वारा ड्राइवरों को प्राथमिक उपचार के महत्व और उसके सही उपयोग की जानकारी दी गई। निरीक्षक सतीश कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात के प्रति ज़िम्मेदार व्यवहार और नशा मुक्त जीवनशैली के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई।

## सेक्टर 13 में बरसाती व गंदे पानी की निकासी न होने से बर्बाद हो रहे हजारों पौधे

# चरक पार्क का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम, जल निकासी के दिए निर्देश

*हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को अविलंब जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश*


जलभराव की निकासी न होने की वजह से 127 किस्म के पेड़-पौधे नष्ट, पर्यावरण प्रेमी आहत
चरक पार्क की बर्बादी पर प्रशासन की खामोशी

15 अक्टूबर को प्रकाशित समाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरिभूमि इंपेक्ट

शहर के सेक्टर-13 की ग्रीन बेल्ट में क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट ने जन सहयोग से चरक औषधीय पार्क विकसित किया था, लेकिन जलभराव के कारण हरे-भरे इस पार्क की हरियाली को ग्रहण लग गया। हरिभूमि द्वारा इस मुद्दे पर लगातार खास खबरें प्रकाशित की गईं, जिसका संज्ञान लेते हुए वीरवार को एसडीएम नसीब कुमार मौके पर पहुंचे। हालात का जायजा लेते हुए उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को अविलंब जलनिकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बता दें कि क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के प्रयासों से बीते 6-7 साल में यहां 127 प्रकार के औषधीय पेड़-पौधे लगाए गए। लेकिन बीते दिनों हुई बरसात और साथ से गुजर रहे बदहाल नाले के कारण इस पार्क में जलभराव हो गया। कई दिन बीत जाने के बाद भी पानी नहीं निकलने के कारण यहां हजारों पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचा।


**बहादुरगढ़।** एचएसवीपी अधिकारियों को जलनिकासी के निर्देश देते एसडीएम नसीब कुमार।

### टूटे नाले की शिकायत की

*आरडब्ल्यूए सेक्टर-13 के प्रधान राजबीर दलाल ने उन्हें बताया कि झज्जर रोड से गुजर रहे नाले के ग्रीन बेल्ट में टूटा होने के कारण हजारों पौधे बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सेक्टर-13 की अन्य समस्याओं को लेकर भी एसडीएम नसीब कुमार को अवगत करवाया। एसडीएम ने अधिकारियों को जल्दी समाधान करने के आदेश दिए।*

### अधिकारियों को मौके पर बुलाया

हरिभूमि में लगातार खबरें प्रकाशित होने तथा चेयरपर्सन सरोज राठी द्वारा डीसी को लिखित शिकायत देने के बाद वीरवार को एसडीएम नसीब कुमार चरक पार्क में पहुंचे। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। उन्हें जलनिकासी सुनिश्चत करने तथा भविष्य में जलभराव नहीं होने देने के उपाय करने के निर्देश दिए।

### जल निकासी को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित चरक पार्क में खराब होते पेड़-पौधों को बचाने के लिए नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पार्क से तुरंत जलनिकासी की मांग की है। चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट की पहल पर कई वर्षों की मेहनत से सेक्टर-13 की ग्रीन बेल्ट में यह पार्क विकसित किया गया था, लेकिन लगातार हुई बारिश के कारण पार्क में लगभग 3 फुट तक पानी भर गया। इससे करीब 50 प्रतिशत पौधे खराब हो चुके हैं, जबकि बाकी पौधों पर भी सड़ने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही पानी की निकासी नहीं की गई तो पार्क की हरियाली पूरी तरह खत्म हो सकती है। चेयरपर्सन ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि जलनिकासी का कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाए। इस मौके पर रमेश राठी भी मौजूद रहे।


**बहादुरगढ़।** डीसी को ज्ञापन सौंपती सरोज राठी व रमेश राठी।


**बहादुरगढ़।** रोल प्ले प्रतियोगिता में विजया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा सात के विद्यार्थी विजयी चिन्ह बनाते हुए। फोटो: हरिभूमि

## दूषित पेयजल को लेकर एक्सईएन से मिले शास्त्री नगर के लोग

**एक माह से दूषित पेयजल आने से परेशानी**



**बहादुरगढ़।** दूषित जलापूर्ति की शिकायत लेकर पहुंचे शास्त्री नगर निवासी।

- कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के वार्ड नंबर 14 में शास्त्री नगर के निवासी पिछले करीब एक माह से दूषित पेयजल आपूर्ति के चलते परेशान हैं। समस्या के समाधान के लिए वे विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर भी शिकायत कर चुके हैं, मगर समस्या का समाधान नहीं हो पाया। वीरवार को प्रधान दीपक दुहन की अगुवाई में कॉलोनी की दर्जनों महिलाएं जलापूर्ति एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय में पहुंची। कॉलोनी की दर्जनों महिलाओं ने दीपक दूहन के साथ जलापूर्ति एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को अपनी समस्या से अवगत कराया। उन्होंने तुरंत जेई अतुल को मौके पर भेजा और लोगों की जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए। प्रधान दीपक दूहन के अनुसार शास्त्री नगर में पिछले करीब एक माह से आ रहा पेयजल इतना दूषित होता है कि इसे पीना तो दूर अन्य कार्यों में भी प्रयोग नहीं किया जा सकता। लोग पानी खरीदकर पीने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय लोगों की समस्या सुनने के बाद कार्यकारी अभियंता ने तुरंत जेई अतुल को मौके पर भेजा। जेई ने मौके का निरीक्षण किया और कहा कि जल्द से इस समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

## ताइक्वांडो में जीडी गोयनका की सान्वी अव्वल

**खेलो इंडिया ताइक्वांडो के लिए हुआ चयन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की छात्रा सान्वी ने नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। जिसके बल पर उसका खेलो इंडिया ताइक्वांडो के लिए चयन हुआ है। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा सान्वी ने सीबीएसई नेशनल स्कूल गेम्स के अंतर्गत आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। सान्वी के इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन खेलो इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने सान्वी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता केवल उनकी मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि विद्यालय के समर्पण, अनुशासन, उच्च प्रशिक्षण और खेल भावना का प्रतिविंब है। स्कूल की छात्राएं खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और अन्य के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन रही हैं।


**बहादुरगढ़।** सान्वी को बधाई देती स्कूल निदेशिका शैलजा जून व अन्य।


**बहादुरगढ़।** विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते प्रवीण शर्मा।

### ग्रैपलिंग में अंकुश ने पाया प्रथम स्थान

**बहादुरगढ़।** शहर के लाइनपार में स्थित पंडित लखमीचंद धर्मशाला में ग्रैपलिंग रेसलिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हुई। इसमें सीनियर वर्ग के 62 किलोग्राम भारवर्ग में अंकुश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य तकनीकी अधिकारी के रूप में इंटरनेशनल रेफरी संजीव कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ अंकुर, अनुराधा, परवीन और अंजलि ने टेक्निकल ऑफिशियल के तौर पर जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान ग्रैपलिंग कमेटी ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष विनोद, बिजेंद्र पाल, धर्मशाला प्रधान प्रवीण शर्मा, महेश कसाना और सोनू पहलवान आदि मौजूद रहे।

## विजेता ताइक्वांडो खिलाड़ियों का अभिनंदन

- सोनीपत में हुए हरियाणा स्टेट सिख गेम्स में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सोनीपत में हुए हरियाणा स्टेट सिख गेम्स में जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां के कई खिलाड़ियों ने मेडल जीते। प्रतियोगिता में रणबीर सिंह मॉडल स्कूल के 26 विद्यार्थियों ने जोरआजमाइश की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, सात रजत तथा 9 कांस्य पदक जीते। एनआईएस कोच विशाल चतुर्भुज व टीचर शिवानी ने झज्जर जिले की अगुवाई की। प्रतियोगिता में जिले की टीम दूसरे स्थान पर रही। कक्षा 11वीं की छात्रा तनिशा को जूनियर वर्ग में हरियाणा की श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी घोषित किया गया।



**बहादुरगढ़।** शिक्षकों के साथ पदक विजेता विद्यार्थी।

### इन खिलाड़ियों को मिली सफलता

*प्रतियोगिता में तनीषा, तान्या, युगल, हर्षिता, राधिका, अक्षरा, जिया, निधि तथा मुस्कान ने स्वर्ण पदक जीता। नमन, भूमि, निशा, आंचल, तमन्ना, वंशिका व आदिल ने रजत पदक जीते। इसी तरह खुशबू, प्राची, हिना, रिया, खुशी, नैंसी, मयंक, तनुज व अरमान ने अपने भारवर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। जीत के साथ ही तान्या, हर्षिता, तनीषा, राधिका, अक्षरा, जिया, निधि, मुस्कान व युगल आदि का नेशनल सिख गेम्स के लिए चयन हो गया।*

### दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा की सराहना की

**बहादुरगढ़।** नक्षत्र और आशा किरण स्पेशल स्कूल में दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार की गई दिवाली सजावट सामग्री एवं उपहार वस्तुओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में महाराजा अग्रसेन नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने विशेष बच्चों की रचनात्मकता और प्रतिभा को सराहा। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी देती हैं। प्रिंसिपल नवीन देशवाल ने बच्चों की मेहनत और प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान बने बिजेंद्र सैनी

**बहादुरगढ़ का त्रिवार्षिक चुनाव नगर परिषद कार्यालय में सर्वसम्मति से संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के ब्लॉक बहादुरगढ़ का त्रिवार्षिक चुनाव वीरवार को नगर परिषद कार्यालय में हुआ। सर्वसम्मति से चौथी बार बिजेंद्र सैनी को बहादुरगढ़ ब्लॉक प्रधान बनाया गया है। नगरपरिषद से राजपाल को ब्लॉक सचिव, सिंचाई विभाग से नवीन ओहल्याण को कैशियर, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर बबीता को उप प्रधान, अध्यापक संघ के सुरेश को सगंठनकर्ता चुना गया। जिला प्रधान रामबीर व सहसचिव नरेश छिल्लर चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। चुनाव प्रक्रिया की अध्यक्षता बिजेंद्र सैनी ने की। जिला प्रधान रामबीर ने नवनियुक्त ब्लॉक ईकाई के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। बिजेंद्र सैनी ने कहा कि कर्मचारियों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें चौथी बार प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी है, वे पूरी ईमानदारी से कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए संघर्ष करेंगे। सर्व कर्मचारी संघ कर्मचारियों की मांगों को लेकर लगातार आंदोलन करता रहा है।


**बहादुरगढ़।** सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते जिला प्रधान।

### मांगों पर सहमति न होने तक जारी रहेगा संघर्ष

बिजेंद्र सैनी ने कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली, सभी विभागों में खाली पदों पर स्थाई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने, ठेका प्रथा समाप्त करने, निजीकरण पर रोक लगाने आदि मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर रविंद्र दलाल, राजेंद्र तूषामड़, प्रदीप जेई, राकेश कुमार, राकेश सोलंकी, ऋषि प्रकाश, रविंद्र नागर, जोगेंद्र, जगदीश, सुनील, लीला राम, अमित, राजेश बालगुहेर, इंद्रमल, सुरेश कुमार, संदीप, मोहन शर्मा व नीलम आदि मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** दीपिका के साथ मॉडर्न स्कूल के टीचर।

### रंगोली में दीपिका ने पाया तीसरा स्थान

**बहादुरगढ़।** शहर के मॉडर्न स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा दीपिका ने जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सुनील कुमार की पुत्री दीपिका नौवीं कक्षा की छात्रा है। प्रतियोगिता में मॉडर्न स्कूल की छात्रा दीपिका ने अपनी सृजनशीलता, रंग संयोजन, कलात्मक प्रस्तुति और कड़ी मेहनत से निर्णायकों को प्रभावित किया। अध्यापिका देवी कौशिक, सीमा दलाल व प्रज्ञा आदि ने छात्रा दीपिका का मार्गदर्शन किया। स्कूल चेयरमैन डॉ. राकेश कोच, संचालक उर्मिला सांगवान व स्कूल प्राचार्य संजीव कुमार ने दीपिका को बधाई दी। और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**कार्यक्रम** | जिला बाल कल्याण परिषद ने चार दिवसीय जिलास्तरीय कार्यक्रम किया आयोजित

# बाल महोत्सव में संस्कारम स्कूल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

*चौदह प्रतियोगिताओं में प्रथम व पांच प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के विद्यार्थियों ने जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित चार दिवसीय जिलास्तरीय बाल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि दो दिन के प्रतियोगिता परिणामों में उनके संस्थान के विद्यार्थियों ने चौदह प्रतियोगिताओं में प्रथम व पांच प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। संस्कारम स्कूल के विद्यार्थियों ने शिक्षा, कला और संस्कृति की हर श्रेणी में अपनी श्रेष्ठता साबित की।



**झज्जर।** बाल महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देते हुए संस्कारम स्कूल के विद्यार्थी।

### रंगोली में प्राची और सोलो डांस में वंशिका प्रथम

नौवीं से दसवीं कक्षा तक के सीनियर ग्रुप में शुभम ने स्केचिंग ऑन द स्पॉट, नवनीत ने पोस्टर मेकिंग, पुष्पांजलि ने सोलो सांग, आकाश ने थाली डेकोरेशन, प्राची ने रंगोली, रीतिशा ने क्लासिकल सोलो डांस और वंशिका ने सोलो डांस में पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा ग्रुप डांस और पैट्रियोटिक ग्रुप सांग की टीमों ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। छठी से आठवीं कक्षा तक के जूनियर ग्रुप में दीया ने दीया डेकोरेशन, उर्वशी ने सोलो सांग, परी ने सोलो क्लासिकल डांस और खुशबू ने सोलो डांस में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया। इसके अलावा ग्रुप डांस में भी स्कूल को प्रथम स्थान मिला। इनके अलावा सीनियर ग्रुप में प्रभाषी ने डिक्लेमेशन कंटेस्ट और तनिशा ने क्लासिकल सोलो डांस, जूनियर ग्रुप में परिधि ने क्ले मॉडलिंग तथा मकुल ने बेस्ट ड्रामेबाज और पेट्रियोटिक ग्रुप सांग की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### ब्रेन स्ट्रोक की रोकथाम के लिए अपनाएं स्वस्थ जीवनशैली

**बहादुरगढ़।** मस्तिष्क में रक्त की आपूर्ति बाधित होने पर ब्रेन स्ट्रोक हो जाता है। यह एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी है, जो कुछ ही पलों में किसी की जिंदगी बदल सकती है। सही जानकारी हमें इसके लक्षण पहचानने और समय पर सही कदम उठाने में मदद करती है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारका के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. आनंद कुमार सक्सेना ने बताया कि अचानक शरीर के एक हिस्से में लकवा मारना इसका एक आम लक्षण है। लेकिन कई बार केवल भ्रम, चक्कर आना या तेज सिरदर्द भी स्ट्रोक के संकेत हो सकते हैं। स्वस्थ जीवनशैली अपनाना स्ट्रोक की रोकथाम में अहम भूमिका निभाता है।


डॉ. आनंद कुमार